# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (28 January)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-01-2019

- 26 जनवरी को देशभर में 70वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजपथ पर हुए मुख्य समारोह में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति **मटामेला सिरिल रामफोसा** मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष की परेड की खास बात यह रही कि लेफ्टिनेंट **भावना कस्तूरी** पुरुषों की टीम का नेतृत्व करने वाली देश की पहली महिला बन गईं। उन्होंने भारतीय सेना की सर्विस कॉर्प्स का नेतृत्व किया, जिसमें उनके अलावा कोई महिला जवान शामिल नहीं थी। उनके अलावा मेजर **खुशबू कंवर** ने असम राइफल्स के महिला दस्ते का नेतृत्व किया। कैप्टन **भावना स्याल** ने ट्रांसपोर्टेबल सैटेलाइट टर्मिनल के दस्ते का नेतृत्व किया। डेयरडेविल्स टीम के पुरुष साथियों के साथ सिग्नल्स कोर की कैप्टन शिखा सुरभि बाइक पर करतब करने वाली पहली महिला बनीं।
- रक्षा मंत्रालय ने 70वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक मोबाइल एप RDP India 2019 लॉन्च किया, जिसमें लोग राजपथ पर इस साल की गणतंत्र दिवस परेड की झलकियाँ देख सकते हैं। इस एप पर परेड के मार्चपास्ट की क्रमवार जानकारी के साथ विभिन्न राज्यों एवं मंत्रालयों की झांकियाँ, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति, फ्लाईपास्ट और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2019 से सम्मानित बच्चों के नाम इत्यादि का ब्योरा उपलब्ध है। यह नई पहल सरकार के **डिजिटल इंडिया** अभियान के सहयोग से शुरू की गई है।
- 2019 के लिये पद्म पुरस्कारों की घोषणा। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, असमिया कलाकार स्व. भूपेन हज़ारिका और RSS विचारक नानाजी देशमुख को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने का ऐलान। लोक कलाकार तीजन बाई, जिबूती के राष्ट्रपति इस्माइल उमर गुएलेह, L&T इंडिया के चेयरमैन ए.एम नाइक और लेखक बलवंत मोरेश्वर को **पद्म विभूषण** दिया जाएगा। तीसरा सर्वोच्च पुरस्कार पद्म भूषण 14 लोगों को दिया जाएगा और शेष 94 लोगों को **पद्म श्री** से नवाज़ा जाएगा। कुल 112 लोगों की सूची में 21 महिलाएँ और 11 विदेशी तथा NRI हैं। इनमें तीन मरणोपरांत पुरस्कार प्राप्त करने वाले और एक ट्रांसजेंडर भी शामिल हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के **मदुरै में एम्स** का शिलान्यास किया। इससे मदुरै तथा समीपवर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और उन्नत स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के नए अवसर खुलेंगे। मदुरै में थोप्पुर के निकट बनाया जाने वाला यह एम्स तमिलनाडु के दक्षिणी पिछड़े ज़िलों में रहने वाले लोगों को लाभान्वित करेगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **कोच्चि रिफाइनरी** में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का एकीकृत रिफाइनरी विस्तार परिसर देश को समर्पित किया। एकीकृत रिफाइनरी एक आधुनिक विस्तार है, जो कोच्चि रिफाइनरी को देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरी बनाता है। यह LPG तथा डीजल उत्पादन को दोगुना करेगा और संयंत्र में पेट्रोरसायन उत्पादों के लिये कच्चे पदार्थों का उत्पादन भी शुरू कर देगा। इसके अलावा, रिफाइनरी में पेट्रोरसायन परिसर की आधारशिला भी रखी गई।

- भारत के हस्तकरघा तथा वस्त्र क्षेत्र को और मज़बूती देने के लिये वस्त्र मंत्रालय ने **आर्टिज़न स्पीक कार्यक्रम** का आयोजन मुंबई के निकट यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, एलीफेंटा गुफा में किया। इस दौरान हुए समझौतों से सरकार एवं अग्रणी रिटेलर तथा टेक्सटाइल ब्रांडों के बीच हस्तकरघा संवर्द्धन को बढ़ावा मिलेगा। इनके अलावा, वस्त्र कंपनियों और बुनकर सेवा केंद्रों के बीच हुए समझौते कार्यों को सुगमक बनाएंगे और कपड़ा कंपनियों तथा हैंडलूम क्लस्टरों को आपस में जोड़ेंगे।
- वस्त्र मंत्रालय मुंबई में तकनीकी वस्त्रों पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। । सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय वस्त्र मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा की जाएगी। भारत सरकार द्वारा तकनीकी वस्त्रों के लिये HSN (Harmonized System of Nomenclature) कोड जारी करना इस सम्मेलन की प्रमुख विशेषताओं में से है। तकनीकी वस्त्रों में वह कपड़ा सामग्री और उत्पाद शामिल हैं, जो मुख्य रूप से सौंदर्य और सजावटी विशेषताओं के अलावा बेहतर तकनीक के उपयोग से निर्मित होते हैं। भारत में तकनीकी वस्त्र कुल कपड़ा मूल्य श्रृंखला का 12 से 15% है, जबकि कुछ यूरोपीय देशों में यह औसत 50% तक है।
- मेक इन इंडिया के तहत इंटीग्रल कोच फैक्टरी, चेन्नई में निर्मित ट्रेन-18 का नाम वंदे भारत एक्सप्रेस रखा गया है। अधिकतम 160 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली यह फिलहाल देश की सबसे अधिक गति से चलने वाली ट्रेन है। देश की इस पहली इंजन-रहित ट्रेन को ट्रेन-18 का नाम इसलिये दिया गया क्योंकि भारतीय इंजीनियरों ने इसे केवल 18 महीनों में पूरी तरह भारत में बनाया है। पूरी तरह से वातानुकूलित यह ट्रेन सबसे पहले दिल्ली-वाराणसी के बीच चलेगी।
- जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी के बेसिन का मुआयना करने के लिये पाकिस्तान का एक प्रतिनिधिमंडल भारत दौरे पर आया। पाकिस्तान के सिंधु जल आयुक्त सैयद मोहम्मद मेहर अली शाह अपने दो सलाहकारों के साथ पाकल डुल और लोअर कलनई जलविद्युत परियोजना का निरीक्षण करेंगे। गौरतलब है कि भारत ने एक हज़ार मेगावाट के पाकल डुल और 48 मेगावाट की लोअर कलनई जलविद्युत परियोजनाओं पर पाकिस्तान की आपत्तियों को खारिज करते हुए उसे भारत आकर निरीक्षण करने को कहा था। सिंधु जल संधि के तहत दोनों देशों के आयुक्तों को सिंधु बेसिन के दोनों ओर के क्षेत्र का पाँच साल में एक बार निरीक्षण करने का अधिकार है। भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुए **सिंधु जल संधि** के तहत यह निरीक्षण किया जाता है।
- ऑक्सफोर्ड Oxford Dictionary ने **'नारी शक्ति'** को 2018 के लिये हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर घोषित किया है। **हिंदी वर्ड ऑफ द ईयर** का दर्जा ऐसे शब्द को दिया जाता है, जो पूरे साल काफी ध्यान आकर्षित करता है और लोकाचार, भाव और चिंता को प्रतिबिंबित करता है। ऑक्सफोर्ड शब्दकोश की ओर से कहा गया कि आज यह शब्द अपनी जिंदगी का भार उठाने वाली महिलाओं का सूचक है। भाषा विशेषज्ञों की एक सलाहकार समिति की सहायता से इस शब्द को चुना गया।
- सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने स्पेन के राफेल नडाल को हराकर रिकॉर्ड सातवीं बार **ऑस्ट्रेलियन ओपन** का पुरुष एकल खिताब जीता। यह उनके करियर का 15वाँ ग्रैंड स्लैम है। इस जीत से जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी रॉय एमर्सन और स्विट्ज़रलैंड के रोजर फेडरर के छह बार यह खिताब जीतने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। महिला वर्ग में जापान की नाओमी ओसाका ने दो बार की विम्बल्डन विजेता चेक गणराज्य की पेत्रा क्वितोवा को पराजित किया। इस प्रकार यह टूर्नामेंट जीतने वाली वह जापान की पहली टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। साथ ही वह पहली एशियाई हैं जिसे वर्ल्ड नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी बनने का गौरव मिला है।
- भारत की साइना नेहवाल ने फाइनल में कैरोलिना मारिन के चोट के कारण हटने से **इंडोनेशिया मास्टर्स** खिताब जीत लिया। फाइनल मैच की शुरुआत के सातवें मिनट में ही मारिन रिटायर्ड हर्ट हो गईं। वह उस समय साइना से 10-4 से आगे थीं। इसके साथ ही साइना इंडोनेशिया मास्टर्स जीतने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बन गईं। वह पिछली बार भी इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुँची थीं। विश्व में नौवीं वरीयता प्राप्त साइना नेहवाल ने सेमीफाइनल में छठी वरीयता प्राप्त चीन की ही बिंगजियाओ को हराया था।